# APPENDICES

# किशोर व्यक्तित्व परीक्षण
# Adolescent Personality Test
## (4 PF)

डॉ. (श्रीमती) ए. पाण्डे
शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर
डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

प्रकाशक
आरोही मनोविज्ञान केन्द्र
7, दत्ता एण्ड चड्डा एनक्लेव, साऊथ सिविल लाइन्स, जबलपुर (म.प्र.) 482 001

| क्रम | कथन |
|---|---|
| 1. | दूसरों की अपेक्षा मेरा व्यक्तित्व प्रभावशाली है। |
| 2. | कार्य बिगड़ने के डर से कार्य प्रारम्भ ही नहीं करता। |
| 3. | रोमान्चक खेलों में आनन्द आता है। |
| 4. | प्रारम्भिक असफलता से विचलित नहीं होता। |
| 5. | निम्न स्तर के लोगों से भी मिलता रहता हूँ। |
| 6. | दूसरों को अपनी बात समझाने में कठिनाई होती है। |
| 7. | नये-नये स्थानों की सैर करना अच्छा लगता है। |
| 8. | भाग्य की अपेक्षा परिश्रम से ही सब काम बनते हैं। |
| 9. | आकर्षक कपड़े पहनना अच्छा लगता है। |
| 10. | नये कार्य के प्रारम्भ करने के पहले मैं कई बार नहीं सोचता। |
| 11. | दुर्गम मार्गों पर चढ़ने में आनंद आता है। |
| 12. | प्रत्येक बात का उत्तर तत्परता से देता हूँ। |
| 13. | दूसरे मुझसे अधिक दक्षतापूर्वक कार्य कर सकते हैं। |
| 14. | जो कार्य कठिन लगता है उसमें भाग नहीं लेता। |
| 15. | तेज रफ्तार से कार-स्कूटर चलाना पसन्द है। |
| 16. | कठिन से कठिन कार्य पूरा करके ही छोड़ता हूँ। |
| 17. | अधिक जान-पहचान बढ़ाने से सम्मान कम हो जाता है। |
| 18. | मेरे लिए बोलने की अपेक्षा लिखकर अपने विचार प्रकट करना सरल है। |
| 19. | चुनौती भरे कार्यों में भाग लेता हूँ। |
| 20. | प्रत्येक बात का शीघ्र निर्णय ले लेता हूँ। |
| 21. | मेरा चेहरा आकर्षक है। |
| 22. | विशिष्ट व्यक्तियों से मिलने में संकोच नहीं होता। |
| 23. | पहाड़ों की सैर का कार्यक्रम छुट्टियों में बनाना चाहता हूँ। |
| 24. | अपना काम दूसरों की अपेक्षा शीघ्र कर लेता हूँ। |
| 25. | मेरी बातों से सभी शीघ्र प्रभावित हो जाते हैं। |
| 26. | शारीरिक दुर्बलता के कारण चिन्ता बनी रहती है। |
| 27. | पाल-वाली नाव में समुद्री यात्रा में भाग लेना चाहता हूँ। |

79 3

| क्रम | कथन |
| --- | --- |
| 28. | अपनी योजनाएँ स्वयं तैयार करता हूँ। |
| 29. | मैं दूसरों से राय लेना पसन्द नहीं करता। |
| 30. | दूसरों की बात बिना तर्क के नहीं मानता। |
| 31. | समूह के साथ बर्फीली चोटियों पर चढ़ने जाना चाहता हूँ। |
| 32. | किसी कार्य को कठिन समझ कर नहीं छोड़ता। |
| 33. | मैं दूसरों के विचारों को ही महत्व देता हूँ। |
| 34. | दूसरों के समान मैं भी महत्वपूर्ण कार्य लेने तत्पर रहता हूँ। |
| 35. | गुब्बारे में बैठकर आकाश में सैर करने की इच्छा है। |
| 36. | असुविधाओं में भी नया कार्य करने तैयार रहता हूँ। |
| 37. | सदस्य बनने की अपेक्षा मैं अध्यक्ष बनना चाहूँगा। |
| 38. | समूह में दूसरों के निर्देशानुसार ही कार्य करता हूँ। |
| 39 | अन्तरिक्ष में जाने का अवसर मिलने पर मैं कभी नहीं छोड़ूँगा। |
| 40. | मेरे लिए कोई भी कार्य असम्भव नहीं है। |
| 41. | निर्देश लेने की अपेक्षा मैं निर्देश देता हूँ। |
| 42. | जिम्मेदारी के काम प्रसन्नतापूर्वक ले लेता हूँ। |
| 43. | पहाड़ों के चक्करदार रास्तों में जाने से मैं विचलित हो जाता हूँ। |
| 44. | कठिन परिस्थितियों में साहस खो जाता है। |
| 45. | दूसरों की योजना पर ही कार्य करता हूँ। |
| 46. | सभा में भाषण देना मेरे वश का नहीं है। |
| 47. | खेल खेलने की अपेक्षा खेल देखना अच्छा लगता है। |
| 48. | अपने कार्य की असफलता की आशंका बनी रहती है। |
| 49. | दूसरों की इच्छाओं को अधिक महत्व देता हूँ। |
| 50. | अपने से अधिक योग्य लोगों से मिलना पसन्द है। |
| 51. | तेज चलने वाली गाड़ी में बैठने में डर लगता है। |
| [illegible] | भाग्य से ही [illegible] |
| 53. | वार्ता में दूसरों को भी विचार प्रगट करने का अवसर देता हूँ। |
| 54. | दूसरों के सामने काम करने में काम बिगड़ने का भय रहता है। |

| क्रम | कथन |
|---|---|
| 55. | नदी तैरकर पार करने की कल्पना से भयभीत हो जाता हूँ। |
| 56. | किसी कार्य में असफलता मिलने पर उसे छोड़ देता हूँ। |
| 57. | दूसरे की बात ध्यान से सुनता हूँ। |
| 58. | नये लोगों से पहचान करने की पहल नहीं करता। |
| 59. | सर्कस के हैरत-अंगेज काम देखकर सहम जाता हूँ। |
| 60. | अवसर से लाभ उठाने में चूक जाता हूँ। |
| 61. | अनजान लड़के/लड़की से स्वयं बात करना प्रारम्भ नहीं करता। |
| 62. | नये कार्य में निपुणता प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं होती। |
| 63. | पहाड़ों पर चढ़ना जोखम का काम है। |
| 64. | किसी कार्य को शीघ्र नहीं कर पाता। |
| 65. | छोटे लोगों से भी शालीनता से मिलता हूँ। |
| 66. | दूसरों के सामने मेरा कोई कार्य पूरा नहीं हो पाता। |
| 67. | घुड़सवारी सीखना मेरे लिए असम्भव है। |
| 68. | श्रेष्ठ खिलाड़ियों के विरुद्ध खेलने से हार का भय बना रहता है। |
| 69. | किसी भी विषय पर बात करने का अवसर मैं कभी नहीं खोता। |
| 70. | दूसरों के द्वारा काम में गलतियाँ निकालने पर मैं निराश नहीं होता। |
| 71. | घने जंगल में घूमने जाने की अपेक्षा मैं घर पर पुस्तकें पढ़ना पसन्द करूँगा। |
| 72. | अच्छे मुहूर्त में कार्य प्रारम्भ करने पर ही सफलता मिलती है। |
| 73. | छोटों को भी बोलने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ। |
| 74. | प्रत्येक कार्य तत्परता से करता हूँ। |
| 75. | सेना की नौकरी में सदैव जोखम रहता है। |
| 76. | शीघ्र ही हताश हो जाता हूँ। |
| 77. | सभी कार्य दूसरों के सहयोग से ही करता हूँ। |
| 78. | दूसरों के सामने अपने विचारों को स्पष्ट रूप से प्रगट कर लेता हूँ। |
| 79. | अजनबी स्थान में जाने की कल्पना से ही मैं सिहर जाता हूँ। |
| 80. | सबके सामने अपना कौशल दिखाने में घबड़ा जाता हूँ। |

# Adolescent Personality Test

Dr. (Smt.) Abha Pandey

## Scoring Sheet

Name: Ritesh Dharkar ........ Age: 11½

College / School: D.M.S ........ Class: VI 'A'

| S.No. | Yes | Undecided | No | S.No. | Yes | Undecided | No | S.No. | Yes | Undecided | No | S.No. | Yes | Undecided | No |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ✓ | | | 21. | | ✓ | | 41. | | | ✓ | 61. | ✓ | | |
| 2. | | | ✓ | 22. | ✓ | | | 42. | ✓ | | | 62. | | ✓ | |
| 3. | ✓ | | | 23. | ✓ | | | 43. | ✓ | | | 63. | ✓ | | |
| 4. | | | | 24. | | | ✓ | 44. | ✓ | | | 64. | | ✓ | |
| 5. | ✓ | | | 25. | ✓ | | | 45. | ✓ | | | 65. | ✓ | | |
| 6. | ✓ | | | 26. | ✓ | | | 46. | ✓ | | | 66. | ✓ | | |
| 7. | ✓ | | | 27. | ✓ | | | 47. | | | ✓ | 67. | | | ✓ |
| 8. | ✓ | | | 28. | | | | 48. | | | ✓ | 68. | | | ✓ |
| 9. | | | ✓ | 29. | ✓ | | | 49. | ✓ | | | 69. | ✓ | | |
| 10. | ✓ | | | 30. | | | ✓ | 50. | ✓ | | | 70. | ✓ | | |
| 11. | ✓ | | | 31. | ✓ | | | 51. | ✓ | | | 71. | ✓ | | |
| 12. | ✓ | | | 32. | ✓ | | | 52. | | | ✓ | 72. | | | ✓ |
| 13. | ✓ | | | 33. | ✓ | | | 53. | ✓ | | | 73. | ✓ | | |
| 14. | | | ✓ | 34. | ✓ | | | 54. | | | ✓ | 74. | ✓ | | |
| 15. | | | ✓ | 35. | ✓ | | | 55. | | | ✓ | 75. | ✓ | | |
| 16. | | | ✓ | 36. | ✓ | | | 56. | ✓ | | | 76. | | | ✓ |
| 17. | ✓ | | | 37. | | | ✓ | 57. | ✓ | | | 77. | | | ✓ |
| 18. | ✓ | | | 38. | ✓ | | | 58. | ✓ | | | 78. | | ✓ | |
| 19. | ✓ | | | 39. | ✓ | | | 59. | | | ✓ | 79. | ✓ | | |
| 20. | | ✓ | | 40. | ✓ | | | 60. | ✓ | | | 80. | ✓ | | |
| Total | 13 | 1 | 5 | | 15 | 1 | 3 | | 13 | | 7 | | 12 | 3 | 5 |

Analysis ........................................

........................................ Signature of Examiner

82

# ओझा एवं रे चौधरी : वाचिक बुद्धि परीक्षण

[ Ojha & Ray Chodhury : Verbal Intelligence Test ]

T. M. No. 458715

( V I T )

28

इन्हें भरिये :–

नाम मुनीब अहमद आयु 11

लिंग Male कक्षा छटवी ग्रामीण/शहरी भोपाल

विद्यालय प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय

पिता की मासिक आय 50,000 दिनांक 29.1.2015

## सामान्य निर्देश

यह एक साधारण बुद्धि परीक्षण है जिसके द्वारा मानसिक योग्यताओं को ज्ञात किया जाता है। इस परीक्षण के पूरा करने हेतु आपको केवल 40 मिनट दिये जायेंगे। पूरे परीक्षण के आठ भाग हैं। प्रत्येक भाग के लिये निर्धारित समय एवं निर्देश उप-परीक्षण के ऊपर दे दिये गये हैं। आपसे जब यह कहा जायें कि कार्य प्रारम्भ कीजिये तो शीघ्रता से कार्य पूरा करने का प्रयास कीजिये।

प्रारम्भ करने की आज्ञा मिलने से पूर्व किसी भी कार्य को न करिये। किसी भी प्रश्न को जिसे आप कठिन समझते हैं उस पर समय व्यतीत मत करियेगा बल्कि अगले प्रश्न का उत्तर दीजिये। आपको निर्धारित समय में ही प्रत्येक उप-परीक्षण के उत्तर देने हैं। यदि समय से पूर्व ही उप-परीक्षण समाप्त हो जाता है तो भी आगे का कार्य नहीं करना है; जबकि आपसे कहा जाये कि दूसरे परीक्षण का कार्य प्रारम्भ कीजिये तो पहले परीक्षण को छोड़कर आदेश का पालन कीजिये। ध्यान रखिये आपको किसी भी प्रश्न का उत्तर किसी दूसरे से नहीं पूछना है।

### फलांकन तालिका

| उप-परीक्षण | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्राप्तांक | | | | | | | | | |

Estd. : 1971 Phone : 63561

National

PSYCHOLOGICAL CORPORATION

4/230 KACHERI GHAT, AGRA - 282 004 (INDIA)

© 1971, 90. नेशनल साइकलॉजिकल कारपोरेशन, आगरा-4 द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित।

# भाग 1 (2)

[ समय : 3 मिनट ]

**निर्देश एवं उदाहरण :—**

नीचे आपको प्रत्येक लाइन में पाँच शब्द मिलेंगे; इनमें चार तो एक से हैं, परन्तु पाँचवाँ इन चारों से नहीं मिलता है, जो इन चारों से भिन्न है उसके नीचे आपको लाइन खींचनी है। उदाहरण के लिये देखिये :–

मन सेर गज तोला माशा

यहाँ पर मन, सेर, तोला और माशा तौलने के काम आते हैं, परन्तु 'गज' से नहीं तौला जा सकता है। इसलिये 'गज' शब्द इन चारों से भिन्न है जिसके नीचे लाइन खींच दी गयी है। अब आप भी इसी प्रकार पाँच शब्दों में से एक के नीचे लाइन खींचिये जो चारों से भिन्न हो।

| प्रश्न संख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लकड़ी | ईंट | चूना | सीमेंट | पत्थर |
| 2. | सेब | अनार | आम | अखरोट | नाशपाती |
| 3. | रांगा | लोहा | पत्थर | पीतल | तांबा |
| 4. | तोता | मछली | कौआ | चील | कबूतर |
| 5. | तलवार | बरछी | फर्सा | कटार | ढाल |
| 6. | पलंग | कुर्सी | आसन | मेज | तख्त |
| 7. | पुस्तक | पेन्सिल | कॉपी | बहीखाता | रजिस्टर |
| 8. | स्लेट | अखबार | पत्रिका | उपन्यास | पुस्तक |
| 9. | धूप | गर्मी | लू | सूर्य | पानी |
| 10. | गंगा | झरना | समुद्र | नीला | बरसाती |
| 11. | आग | बिजली | लालटेन | मोमबत्ती | दीपक |
| 12. | गीता | कुरान | रामायण | बाइबिल | हिन्दुस्तान |
| 13. | बनारस | वृन्दावन | आगरा | हरिद्वार | मथुरा |
| 14. | कुत्ता | हाथी | शेर | चिड़िया | गाय |
| 15. | कमीज | जूता | पायजामा | धोती | कोट |

[ पन्ना मत उलटिये जब तक आपसे कहा न जाये ]

(3)

# भाग 2

[ समय : 4 मिनट ]

निर्देश एवं उदाहरण :—

नीचे प्रत्येक लाइन में तीन शब्द बायीं तरफ और चार शब्द दायीं तरफ कोष्ठ के अन्दर दिये हैं। बायीं ओर के शब्द जो कोष्ठ के बाहर हैं उनमें से पहले दो शब्दों में आपस में सम्बन्ध है। इसी प्रकार तीसरे शब्द का सम्बन्ध कोष्ठ के अन्दर वाले चार शब्दों में से किसी एक के साथ है। आपको यह बताना होगा कि इन चारों में से कोष्ठ के अन्दर वह कौन-सा शब्द है जिसका सम्बन्ध कोष्ठ के बाहर तीसरे शब्द से है। उस कोष्ठ के अन्दर वाले शब्द के नीचे लाइन खींच दीजिये। उदाहरण के लिये देखिये :—

कमान : तीर : : बन्दूक : (मारना, ..., कारतूस, दुनाली)

यहाँ 'कमान' का 'तीर' से संबंध है और 'बंदूक' का 'कारतूस' से; क्योंकि 'कमान' के लिये 'तीर' की आवश्यकता होती है और 'बन्दूक' के लिये 'कारतूस' की; इसलिये 'कारतूस' के नीचे लाइन खींच दी गयी है। आप भी इसी प्रकार कीजिये।

प्रश्न संख्या

1. घड़ी : समय : : कुतुबनुमा : ( पूरब, निर्देशक, दिशा, तापक्रम )
2. दशरथ : राम : : राम : ( पुत्र, राजा, कौशल्या, लव-कुश )
3. उत्तर-प्रदेश : लखन : : : हिन्दुस्तान : ( देश, आर्य, देहली, एशिया )
4. भूख : रोटी : : बीमार : ( घी, दूध, जलवायु, दवा )
5. भारत : प्रधानमंत्री : : उत्तर-प्रदेश : (मुख्यमंत्री, राज्यपाल, राष्ट्रपति, अध्यक्ष)
6. इंजन : कोयला : : मोटर : ( टायर, मोबिलाइल, पेट्रोल, पानी )
7. हिन्दू : गीता : : मुसलमान : ( कुरान, मक्का-मदीना, कट्टर, माँसाहारी )
8. ब्राह्मण : यज्ञोपवीत : : सिख : ( बहादुर, केश-कटार, फौजी, पंजाब )
9. अकबर : देहली : : महाराणा प्रताप : (राजपूत, चित्तौड़, राजस्थान, स्वाभिमान)
10. रक्त : हृदय : : साँस लेने की क्रिया : ऑक्सीजन, स्वच्छ वायु, फेफड़े, नाक )
11. तुलसी : रामायण : : सूर : ( कृष्ण, सूरसागर, अन्धे, भक्त )
12. सनातनी : कीर्तन : : आर्य-समाजी : ( यज्ञ, आर्य-समाज, उपदेश, पूजा )
13. मेंढक : पानी : : चिड़िया : ( उड़ना, बैठना, हवा, जमीन )
14. सफलता : खुशी : : असफलता : ( अनिश्चित, दुःख, कार्य, निराशा )
15. पिता : पुत्र : : माता : ( पति, पिता, भाई, पुत्री )

[ पन्ना मत उलटिये जब तक आपसे कहा न जाये ]

(4)

# भाग 3

[ समय : 4 मिनट ]

**निर्देश एवं उदाहरण :—**

नीचे प्रत्येक लाइन में बायीं तरफ एक शब्द दिया हुआ है और उसी के सामने दाहिनी तरफ कोष्ठ में चार शब्द दिये हैं। आपको कोष्ठ के अन्दर दिये हुये चार शब्दों में से एक शब्द छाँटना है जिसका अर्थ वही निकले जो बायीं तरफ के शब्द का अर्थ होता है। कोष्ठ के अन्दर वाले जिस शब्द को आप छाँटते हैं उसके नीचे लाइन खींच दीजिये। उदाहरण के लिये देखिये :—

लोहकार : ( बरतन, धातु, लुहार, कलाकार )

ऊपर बायीं तरफ एक शब्द 'लोहकार' दिया हुआ है; कोष्ठ में चार शब्द दिये हुये हैं उनमें 'लुहार' एक ऐसा शब्द है जिसका अर्थ 'लोहकार' से मिलता-जुलता है। इसी लिये 'लुहार' के नीचे लाइन खींच दी गई है। शेष तीन शब्दों का अर्थ 'लुहार' से नहीं मिलता है; इसलिये उन्हें अर्थहीन समझकर छोड़ दिया है। अब आप भी इसी प्रकार कीजिये।

| प्रश्न संख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. आश्चर्य | : ( अनोखा | अजीब | भेद | अचरज | ) |
| 2. धैर्य | : ( आशा | धीरज | कल्पना | विश्वास | ) |
| 3. धर्म | : ( जाति | भेद | कर्म | धाम | ) |
| 4. गृह | : ( झोपड़ी | घर | देश | स्थान | ) |
| 5. तृण | : ( तिनका | बेल | लता | फूंस | ) |
| 6. पुत्र | : ( लड़का | पूत | सन्तान | विधाता | ) |
| 7. एकत्र | : ( ढेर | बहुत-सा | इकट्ठा | भीड़ | ) |
| 8. कुम्भकार | : ( सौदागर | बेचने वाला | कलाकार | कुम्हार | ) |
| 9. चाटुकार | : ( चापलूस | दलाल | लोभी | कठोर | ) |
| 10. पश्चाताप | : ( धोखा | निराशा | पछतावा | कष्ट | ) |
| 11. स्तन | : ( संकेत | थन | अंग | दूध | ) |
| 12. कपाट | : ( किवाड़ | दरवाजा | खाट | चौखट | ) |
| 13. प्रहर | : ( वक्त | पहरेदार | दिशा | पहर | ) |
| 14. कमल | : ( फूल | सुन्दर | पंकज | सफेद | ) |
| 15. जल | : ( समुद्र | नीर | बरसात | कुंआ | ) |
| 16. श्यामल | : ( सांवला | कृष्ण | काला | घास | ) |
| 17. भस्म | : ( अचेत | निद्रा | अवस्था | भस्म | ) |
| 18. धारित्री | : ( माँ | रक्षक | धरती | पाताल | ) |
| 19. भगिनी | : ( मौसी | बहन | चाची | भाग्यवती | ) |
| 20. ग्रन्थि | : ( कोष | रस | गाँठ | बीमारी | ) |

[ पन्ना मत उलटिये जब तक आपसे कहा न जाये ]

# भाग 4

[ समय : 5 मिनट ]

**निर्देश एवं उदाहरण :—**

नीचे प्रत्येक लाइन में कुछ संख्यायें दी गयी हैं जो एक विशेष क्रम के अनुसार हैं। अन्तिम संख्या के सामने कोष्ठ है जिसमें वह संख्या लिखनी है जो कथनानुसार ठीक बनती हो। उदाहरण के लिये देखिये :—

1 4 7 10 13 16 ( 19 )

ऊपर की संख्याओं को ध्यान से पढ़ने पर यह तथ्य निकलता है कि प्रत्येक संख्या एक विशेष क्रम के बाद आती है। जैसे पहली संख्या 1 में तीन जोड़ दें तो 4 बन जाती है और 4 में यदि तीन और जोड़ दिये जायें तो 7 बन जाती है। इसी प्रकार 3 जोड़ने से संख्या बनती चली जाती हैं। ऊपर की संख्याओं में 16 अन्तिम संख्या है; यदि इसमें 3 जोड़ दिये जायें तो 19 बन जाता है जो कोष्ठ के अन्दर लिख दिया गया है। आप भी इसी प्रकार कोष्ठ में क्रमानुसार एक संख्या लिखिये। ध्यान रखिये पहले प्रत्येक लाइन में दी हुई संख्याओं का क्रम समझना है फिर संख्या लिखनी है।

| प्रश्न संख्या | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 4 | 6 | 8 | 10 | 12 | 14 | ( 17 18 |
| 2. | 1 | 3 | 5 | 7 | 9 | 11 | ( 13 ) |
| 3. | 3 | 4 | 5 | 6 | 5 | 4 | ( 5 ) |
| 4. | 6 | 7 | 10 | 10 | 14 | 15 | ( 16 ) |
| 5. | 2 | 3 | 4 | 5 | 4 | 3 | ( 4 ) |
| 6. | 5 | 6 | 9 | 10 | 13 | 14 | ( 15 ) |
| 7. | 23 | 25 | 22 | 19 | 16 | 13 | ( 14 ) |
| 8. | 99 | 95 | 96 | 92 | 93 | 89 | ( 80 ) |
| 9. | 90 | 89 | 87 | 84 | 80 | 75 | ( 76 ) |
| 10. | 76 | 77 | 79 | 82 | 86 | 91 | ( 92 ) |
| 11. | 23 | 19 | 20 | 16 | 17 | 13 | ( 14 ) |
| 12. | 41 | 40 | 38 | 35 | 31 | 26 | ( 27 ) |

[ पन्ना मत उलटिये जब तक आपसे कहा न जाये ]

# भाग 5

[ समय : 5 मिनट ]

(8)

**निर्देश एवं उदाहरण :—**

नीचे चार गद्य के वाक्य दिये हैं। प्रत्येक में से कुछ शब्द निकाल दिये हैं निकाले हुये शब्दों के स्थान पर 1, 2, 3 आदि संख्यायें लिखी हुई हैं। प्रत्येक संख्या के लिये दायीं ओर चार शब्द दिये हैं। इन चार शब्दों में से एक ऐसा शब्द छाँटिये जो वाक्य को पूरा करता हो एवं उपयुक्त भी हो। जो शब्द आपने छाँटा है उसके नीचे लाइन खींच दीजिये।

| प्रश्न संख्या | |
|---|---|
| 1. मनुष्य को ......1...... बड़ा प्रिय है। | ( इन्तजार, महानता, दौलत, धन ) |
| वह एक ......2...... व्यर्थ में नहीं खोना | ( मिनट, आना, पैसा, क्षण ) |
| चाहता है। परन्तु कैसे ......3...... की | ( दुःख, खुशी, पागलपन, अनिष्ट ) |
| बात है कि वह नित्य अपने अमूल्य ......4...... को यों ही नष्ट कर देता | ( महीना, समय, धन, जायदाद ) |
| है इसलिये समय का ......5...... सावधानी से करना चाहिये। | ( व्यय, नष्ट, उपयोग, मूल्य ) |
| 2. आज के युग में वही योग्य है जो पूर्णतः ......1...... है। वे मनुष्य नीच हैं | (सज्जन, चालाक, व्यवहारकुशल, चापलूस) |
| जो ......2...... संचय के लिये गरीबों को सताते हैं। | ( धन, पूंजी, कपड़ा, अनाज ) |
| 3. शेरशाह का नाम पहले ......1...... था। | ( कासिम, रशीद, रहमान, फरीद ) |
| इसके पितामह पहले-पहल ......2...... में | ( दिल्ली भारत, पेशावर, पंजाब ) |
| आये और ......3...... के मुसलमान शासकों के यहाँ उन्होंने नौकरी कर ली। | ( भारत, आगरा, दिल्ली, सिन्ध ) |
| शेरशाह का जन्म ......4...... में ही हुआ था। | ( भारत, ईरान, अरब, एशिया ) |
| 4. शेरशाह बड़ा ही ......1...... और ऊँची श्रेणी का शासक था। शेरशाह ने | ( काबिल, गद्दार, योग्य, समझदार ) |
| राज्य की नींव डाली। ......2...... महल की ईंट उस पर रखता गया। | ( बाबर, हुमायूं, इब्राहीम, अकबर ) |


[ पन्ना मत उलटिये जब तक आपसे कहा न जाये ]

(7)

# भाग 6

[ समय : 3 मिनट ]

विहारी एवं उनकी पत्नी सुखदेवी के तीन पुत्र हैं—गोपाल, प्रभाकर, राजकुमार। गोपाल का विवाह विमला के साथ हुआ है; विमला के पिता वेद प्रकाश और माँ लक्ष्मीरानी हैं। गोपाल और विमला के एक पुत्र—सुधीर और एक पुत्री—मधु हैं। विमला के एक बहन–कृष्णकुमारी और दो भाई–'छोटे' और 'लाला' हैं। कृष्णकुमारी का विवाह 'श्याम' के साथ हुआ है। इन दोनों का पुत्र 'कोमल' है। यह पारिवारिक सम्बन्ध नीचे एक क्रम से दिये हैं। आप इन्हें सावधानी से देखिये फिर इसके बाद नीचे दिये प्रश्नों का उत्तर उनके सामने लाइन पर लिख दीजिये :—




| प्रश्न संख्या | उत्तर |
|---|---|
| 1. सुधीर राजकुमार का कौन है ? | चाचा |
| 2. वेद प्रकाश विहारी के कौन हैं ? | मामा |
| 3. मधु की मौसी कौन है ? | मामु |
| 4. विमला का प्रभाकर कौन है ? | अप |
| 5. श्याम की साली कौन है ? | भुआ |
| 6. मधु के कितने चाचा हैं ? | भुपा |
| 7. लाला के कितने भाँजे हैं ? | भुप्पी |
| 8. सुधीर के बाबा का क्या नाम है ? | मामु |
| 9. लक्ष्मीरानी का सुधीर कौन है ? | अब |
| 10. कोमल का नाना कौन है ? | भौसी |

[ पन्ना मत उलटिये जब तक आपसे कहा न जाये ]

# भाग 7

(४)

[ समय : 4 मिनट ]

**निर्देश :—**

नीचे दस प्रश्न दिये हैं। प्रत्येक प्रश्न के नीचे चार उत्तर दिये हैं; इन चारों में से एक सबसे उपयुक्त है जो कि प्रश्न का उत्तर है। अब आपको अपनी समझ से इन चारों उत्तरों में से एक छाँटना है। जिसे आप छाँट लें उसके बायीं तरफ सही का निशान (✓) लगा दें।

1. एक विद्यार्थी तीन वर्ष से हाई स्कूल परीक्षा में निरन्तर फेल हो रहा है; क्योंकि :—
   (अ) वह सिनेमा देखता है।
   (ब) उसके दोस्त बहुत हैं।
   (स) वह पढ़ता नहीं है।
   (द) वह हिन्दी में कमजोर है।

2. बच्चों को बीड़ी या सिगरेट नहीं पीनी चाहिये; क्योंकि :—
   (अ) इसमें पैसा खर्च होता है।
   (ब) यह स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है।
   (स) इससे लम्बाई नहीं बढ़ती है।
   (द) यह बच्चों को अच्छी नहीं लगती है।

3. रात को कमरे की खिड़कियाँ बन्द करके नहीं सोना चाहिये; क्योंकि :—
   (अ) कमरे में अन्धेरा हो जाता है।
   (ब) हम मर जायेंगे।
   (स) हम स्वच्छ हवा का सेवन नहीं कर सकते हैं।
   (द) हम पागल हो जायेंगे।

4. मनुष्य इसलिये सिनेमा देखने जाते हैं; क्योंकि :—
   (अ) वे वहाँ सो सकें।
   (ब) वे वहाँ अपने दोस्तों से मिल सकें।
   (स) उनकी आदत बन चुकी है।
   (द) वे कुछ समय के लिये वहाँ आनन्द अर्थात् मनोरंजन प्राप्त कर सकें।

5. रेल में बगैर टिकट सफर नहीं करना चाहिये; क्योंकि :–

(अ) यह राष्ट्र की सम्पत्ति को हानि पहुंचता है।
(ब) यह अपराध है।
(स) यह चरित्र की कमजोरी का नमूना है।
(द) यह बुरी आदत है।

6. जब बच्चे का मनचाहा खिलौना खो जाता है तब :–

(अ) वह जोर-जोर से रोता है।
(ब) उसके ढूंढ़ निकालने के लिये माँ को मारता है।
(स) वह खाना नहीं खाता है।
(द) वह खेलना बन्द कर देता है।

7. कच्चे मकानों को बरसात में खतरा रहता है, क्योंकि :–

(अ) उस पर बिजली गिर सकती है।
(ब) पानी से प्लास्टर उखड़ सकता है।
(स) नींव कमजोर पड़ सकती है।
(द) पानी से वे कमजोर होकर गिर सकते हैं।

8. बच्चों से रेल यात्रा करने में आधा किराया लिया जाना चाहिये; क्योंकि :–

(अ) वे यात्रियों के डिब्बे खराब नहीं करते हैं।
(ब) वे कम जगह घेरते हैं।
(स) वे कमाते नहीं, माँ-बाप पर निर्भर होते हैं।
(द) वे अच्छे लगते हैं।

9. मन्दिर में जूते पहनकर नहीं जाना चाहिये; क्योंकि :–

(अ) पुजारी मारेगा।
(ब) यह सामाजिक एवं धार्मिक नियम के विरुद्ध है।
(स) मन्दिर पवित्र स्थान होता है और जूता गन्दा एवं अपवित्र माना जाता है।
(द) भगवान नाराज हो जायेंगे।

10. पुलिस का आदमी अपनी विशेष वर्दी क्यों पहनता है ?

(अ) इसलिये कि बदमाश उससे डरते रहें।
(ब) इसलिये कि यह एक नियम है।
(स) इसलिये कि जनता रौब खाये।
(द) इसलिये कि उसे जन साधारण से अलग पहचाना जा सके।

[ पन्ना मत उलटिये जब तक आपसे कहा न जाये ]

# भाग 8 (I)

[ समय : 12 मिनट ]

निर्देश एवं उदाहरण :—

नीचे हिन्दी की पूरी वर्णमाला मात्राओं के साथ दी गई है। वर्णमाला का प्रत्येक शब्द और मात्रा एक विशेष गिनती से संबंधित है। नीचे प्रत्येक लाइन में कुछ गिनती दी गई हैं। उनके सामने वाली जगह पर वे शब्द लिखिये जो इन गिनतियों से संबंधित हैं। इस प्रकार प्रत्येक लाइन के सामने शब्द लिखते जाइये। उदाहरण के लिये देखिये

42 48 46 परम

ऊपर लाइन में 42, 48, 46 तीन गिनतियाँ दी हैं; अब हम 42, 48, 46 गिनतियों को लिस्ट में देखें तो पता चलेगा कि 42 के लिये प, 48 के लिये र और 46 के लिये म दिया हुआ है। इसलिये 42, 48, 46 की लाइन के सामने 'परम' लिख दिया गया है। आप भी इसी प्रकार कीजिये। ध्यान रहे कि मात्राओं के जोड़ने में असावधानी न हो।

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ा | ि | ी | ु | ू | े | ै | ो | ौ |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ए | ऐ | ओ | औ | अं | अः |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | 32 | 33 |
| क | ख | ग | घ | ङ | च | छ | ज | झ | ञ | ट | ठ |
| 34 | 35 | 36 | 37 | 38 | 39 | 40 | 41 | 42 | 43 | 44 | 45 |
| ड | ढ | ण | त | थ | द | ध | न | प | फ | ब | भ |
| 46 | 47 | 48 | 49 | 50 | 51 | 52 | 53 | 54 | 55 | 56 | 57 |
| म | य | र | ल | व | श | ष | स | ह | क्ष | त्र | ज्ञ |

| प्रश्न संख्या | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 46 | 1 | 37 | 1 | 29 | 3 | 19 | 48 |
| (2) | 5 | 42 | 37 | 1 | 29 | 3 | 22 | 3 |
| (3) | 53 | 6 | 50 | 1 | 22 | 48 | 41 | 3 |
| (4) | 27 | 1 | 2 | 54 | 47 | 6 | | |
| (5) | 19 | 48 | | | | | | |
| (6) | 53 | 39 | 7 | 50 | | | | |
| (7) | 11 | 57 | 1 | 22 | 1 | | | |
| (8) | 42 | 1 | 49 | 41 | | | | |
| (9) | 22 | 48 | 41 | 1 | | | | |
| (10) | 27 | 1 | 2 | 54 | 47 | 6 | | |

[ पन्ना मत उलटिये जब तक आपसे कहा न जाये

# भाग 8 (II)

निर्देश :—

नीचे कुछ प्रश्न दिये गये हैं। दाहिनी तरफ प्रत्येक प्रश्न के लिये तीन या चार उत्तर दिये हुये हैं इनमें केवल एक उत्तर सही है। जो उत्तर आपको सही लगता है उसके नीचे लाइन खींच दीजिये।

1. श्याम राम से वड़ा है, राम उमेश से वड़ा है, इन तीनों में सबसे वड़ा कौन है ? ( श्याम, राम, उमेश )
2. श्याम राम से तेज दौड़ता है, उमेश राम से मंदा दौड़ता है, सबसे मंदा कौन दौडता है ? ( श्याम, राम, उमेश )
3. माना कि आज सोमवार है, तो परसों कौन-सा दिन था ? ( शुक्रवार, शनिवार, रविवार )
4. तीन वहिनें एक कतार में वैठी हैं, स्नेहलता प्रेमलता के दाहिने हाथ वैठी है, प्रेमलता कुसुमलता के दाहिने हाथ वैठी है तो वताओ कौनसी लड़की वीच में है ? (स्नेहलता, कुसुमलता, प्रेमलता)
5. वीना शीला से छोटी है और शीला कुसुम से; तो वताओ क्या कुसुम वीना से वड़ी है ? ( हाँ, नहीं, कह नहीं सकते )
6. मैं रेल के डिव्वे में इंजन की तरफ मुँह किये वैठा हूँ। शाम के डूवते सूरज की किरणें खिड़की में होकर मेरे वायें हाथ पर पड़ती हैं; तो वताओ गाड़ी किस दिशा में चल रही है ? (उत्तर, दक्षिण, पूरव, पश्चिम)
7. महेश जव सुवह उठा तो उसने समय मालूम करने के लिये अपने हाथ में वँधी घड़ी को देखा। उसे घड़ी के नम्वर ठीक प्रकार नजर नहीं आये और वह तय नहीं कर पाया कि 12 वजकर 15 मिनट (सवा वारह) हैं या 3 वजकर 30 मिनट (साढ़े तीन) हैं या 7 वजकर 15 मिनट (सवा सात) हैं या 9 वजे हैं। जव वह इस चक्कर में फंसा हुआ था तव उसे ख्याल आया कि यह मार्च महीने का अन्तिम सप्ताह है और सूरज निकलने को है; अव तुम वताओ कि उस समय क्या वजा था ? (12 वजकर 15 मिनट, 3 वजकर 30 मिनट, 7 वजकर 15 मिनट, 9 वजे )